**Need to restart parcel service at Kalyan Junction Parcel**

**office, Mumbai.-laid**

**डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे (कल्याण) :** कर्जत-कसारा और छत्रपति शिवाजी टर्मिनस,मुंबई के बीच स्थित कल्याण जंक्शन एक प्रमुख रेलवे स्टेशन है ।यहां का पार्सल डिपो, जो नागरिकों और व्यापारियों के लिए सुविधाजनक था, पिछले तीन वर्षों से बंद पड़ा है ।इससे कर्जत और कसारा के निवासियों सहित उपनगरीय क्षेत्रों के नागरिकों को पार्सल भेजने और प्राप्त करने के लिए दादर जाना पड़ता है जिससे न सिर्फ अत्यधिक पैसे खर्च होते है बल्कि समय की बर्बादी भी होती है ।यह स्थिति छोटे व्यवसायियों और ई-कॉमर्स और पार्सल सेवाओं पर निर्भर व्यक्तियों के लिए असुविधाजनक है ।इस डिपो को बंद रखने का मुख्य कारण पर्याप्त मानव संसाधन की कमी है ।कल्याण जंक्शन पर पार्सल डेपो की पुनः शुरुआत करना समय की मांग है क्योंकि यह न केवल नागरिकों की समस्याओं का समाधान करेगा,बल्कि स्थानीय व्यापार और परिवहन को भी प्रोत्साहित करेगा । मैं सरकार से आग्रह करता हूँ कि इस दिशा में तत्काल कदम उठाए और कल्याण जंक्शन पार्सल डिपो पुनः प्रारंभ करने के लिए आवश्यक संसाधन प्रदान किया जाए और इसके संचालन हेतु जो आवश्यक भर्तियां है, उसे एक समय सीमा के अंदर पूरा किया जाए ।यह कदम कल्याण लोक सभा की जनता के जीवन को सरल और सुविधाजनक बनाने की दिशा में एक सकारात्मक पहल होगी ।